## महत्वपूर्ण एवं खास

### लॉ ग्रेजुएट युवाओं से लीगल असिस्टेंट पद हेतु 13 सितम्बर तक पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** लॉ ग्रेजुएट युवाओं से हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ बिलासपुर ने लीगल असिस्टेंट के 12 बैकलॉग पद की भर्ती के लिए पंजीकृत डाक या कोरियर के माध्यम से 13 सितम्बर 2024 के शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया है। इस बैकलॉग पद में अनारक्षित के 2, एससी के 3, एसटी के 4 और ओबीसी के 3 पद शामिल है। विज्ञापन, आवेदन फॉर्म से संबंधित जानकारी वेबसाइट हाईकोर्ट डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन से अवलोकन किया जा सकता है।

### सिम्स में भोजन ठेका कर्मी ने किया महिला से छेड़छाड़ व मारपीट, चार गिरफ्तार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर के सिम्स में आई मरीज के परिजन से भोजन ठेकेदार कर्मी के द्वारा छेड़छाड़ किये जाने का मामला समाने आया है। साथ ही विरोध करने पर ठेकेदार के कर्मियों ने मां और बेटी की पिटाई कर दी। इस घटना से अस्पताल में हडक़ंप मच गया। मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सिम्स के भोजन ठेकेदार के कर्मियों ने इलाज कराने आई मरीज के परिजन से छेड़छाड़ की. ठेकेदार कर्मियों ने युवती का हाथ मरोड़ा और मोबाइल नंबर मांगा. कर्मी ने युवती के साथ अश्लील हरकत की। विरोध करने पर मां और बेटी से मारपीट की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते ठेकेदारकर्मी अभिषेक सूर्यवंशी, ऋतुराज, राहुल, समीर और नागेश को गिरफ्तार किया है तथा आरोपियों के खिलाफ बीएनएसएस नए कानून के तहत पुलिस ने धारा 170 के तहत कार्रवाई की है। तथाा मामले की जांच कर रही है।

### 20 घंटे बाढ़ में फंसे बुजुर्ग किसान को बचाया गया

**कोंडागांव-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बीते कुछ दिनों से भारी बारिश की वजह से जान जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बीते सोमवार जिले के फरसगांव ब्लॉक के ओडागांव बारदा नदी में अचानक जल स्तर बढ़ गया। इस दौरान नदी के बगल में मौजूद एक खेत में काम कर रहा बुजुर्ग किसान फंस बाढ़ में फंस गया। इस दौरान करीब 20 घंटे तक वह अपनी जान बचाने के लिए एक पेड़ के सहारे फंसा रहा. आज सुबह की टीम ने बुजुर्ग का सफल रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाला। बता दें कि 20 घंटे तक बाढ़ के पानी में एक पेड़ के सहारे फंसे रहने के बावजूद बुजुर्ग की हालत पूरी तरह सामान्य है और अपने पैरों पर चल फिर रहा है। 70 वर्षीय बुजुर्ग किसान सुरुजू राम नाग के मुताबिक वह सोमवार को खेत में काम करने गया था, तभी अचानक बारदा नदी का जल जल स्तर बढ़ गया। इस दौरान वह पहले खेत में रखवाली के लिए बनी झोपड़ी में गया, लेकिन पानी भरने से झोपड़ी बह गई। इसके बाद अपनी जान बचाने के लिए वह एक पेड़ पर चढ़ गया और मदद की गुहार लगाई। इसके बाद बुजुर्ग की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन को बुजुर्ग किसान के बाढ़ में फंसे होने की सूचना दी।

### गल्ले से 15 हजार रुपये झपटकर भागे गये कार सवार

**अकलतरा (आरएनएस)।** देशी शराब दुकान से झपट्टामारी कर चखना दुकान के गल्ले से 15,000 रूपए लूट कर दो आरोपी भाग गये। दोनों को पकडक़र जेल भेजा गया। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत यादव ग्राम तरौद निवासी स्थित देशी शराब दुकान के चखना दुकान में काम करता है। प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर चखना दुकान के गल्ले में हाथ से झपट्टा मारकर 15,000 रूपये को निकाल कर दो लोग अपने कार से भाग गये। रिपोर्ट पर अपराध धारा 296, 3041/421/2 31/451/2 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना स्थल के आस पास सीसीटीवी का अवलोकन एवं साक्ष्यों के अनुसार आरोपियो की पहचान अमन शर्मा पिता देवव्रत शर्मा उम्र 33 वर्ष एवं आनंद सिंह पिता लव सिंह उम्र 21 वर्ष दोनो ग्राम अमोरा थाना मुलमुला निवासी को ग्राम तरौद स्थित देशी शराब दुकान के चखना दुकान से 15,000 रूपए झपट्टा मारकर ले जाना अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# चक्रधर समारोह की व्यस्तताओं के बीच कलेक्टर कार्तिकया गोयल ने जिला अधिकारियों के साथ लिया जनदर्शन

**कलेक्टर ने आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के दिए निर्देश**

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सृजन सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर गोयल ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में रायगढ़ में दस दिवसीय चक्रधर समारोह-2024 का आयोजन जिला प्रशासन के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें कि जिला प्रशासन के समस्त अधिकारीगण अलग-अलग स्तर पर अपनी भूमिकाओं का निर्वहन कर रहे है। इतने व्यस्ततम आयोजन के पश्चात भी साप्ताहिक जनदर्शन का बिना किसी अवरोध के निरंतर रूप से संचालित रहना प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की उत्कृष्टता तथा कार्य कुशलता को प्रतिपादित करता है। इस संबंध में जनदर्शन में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच नागरिकगण भी प्रशासनिक कार्य प्रणाली के इस रूप की प्रशंसा करते हुए नजर आए।



जनदर्शन में ग्राम-महापल्ली के भागवतिया यादव वृद्धावस्था पेंशन राशि दिलाने जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य ठीक न होने व वृद्धावस्था के कारण कही कुछ काम नहीं कर पा रहे है। वर्तमान में उनके पास आय का कोई जरिया भी नहीं है, जिसकी वजह से उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कलेक्टर से अपने जीवन-यापन के लिए वृद्धापेंशन की मांग की। कलेक्टर गोयल ने सीईओ जनपद को आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम-खैरपुर पोस्ट-गोरखा के मुरलीधर चौहान डायलिसिस हेतु दवाईयों के लिए आर्थिक सहायता की मांग हेतु आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि वे किडनी फेल का मरीज है। जिसकी वजह से उन्हें प्रतिदिन डायलिसिस करानी पड़ती है। उसके साथ दवाईयां भी लगती है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण दवाईयों का खर्च नहीं उठा पा रहे है। उन्होंने इस संबंध में आर्थिक सहायता हेतु मांग किए। कलेक्टर गोयल ने सीएमएचओ को नियमानुसार मदद करने के निर्देश दिए।

वार्ड नंबर 3 के मोहल्लेवासी स्ट्रीट लाईट सुधार के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि बीते 4 माह से संजय मैदान के स्टेज के पास लाईन से खम्भों में स्ट्रील लाईट खराब है। इस संबंध में नगर निगम एवं बिजली विभाग में भी आवेदन जमा किया गया है, लेकिन आज पर्यन्त तक कोई सुधार नहीं हुआ है। जिससे वहां अंधेरे की वजह से परेशानियां हो रही है। कलेक्टर गोयल ने आयुक्त नगर निगम को आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। पुसौर के बैकुण्ठ गुप्ता गस्ती खैहा तालाब में संकलित शौचालयों के गंदा पानी को उनके खेत में छोड़े जाने के संबंध में शिकायत आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि वह कृषक है और अपने परिवार का भरण-पोषण खेती-किसानी से करता है। उनके खेत से कूछ ही दूरी पर स्थित गस्ती खैहा तालाब के किनारे-किनारे लोग बसे हुए है। जिनका शौचालय का गंदा पानी उक्त गस्ती खैहा तालाब में आता रहा है और उक्त गंदा पानी को नगर पंचायत पुसौर प्रबंधन के रहवासियों को बरसात के दिनों में पानी से राहत दिलाने मेरे खेत में छोड़ दिया जाता रहा है जिससे पिछले 3 वर्षो से फसल प्रभावित हो रहा है और ठीक से उपज नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में उन्होंने कई बार मौखिक रूप से नगर पंचायत पुसौर को इस संबंध में जानकारी भी दी, लेकिन कोई निराकरण नहीं हो पाया। जिससे उनको खेती-किसानी करने में दिक्कते हो रही है और फसल नुकसानी भी उठाना पड़ रहा है। कलेक्टर गोयल ने तहसीलदार पुसौर को मौका-मुआयना करते हुए आवेदन पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह जनदर्शन में आज अन्य लोग राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास सहित अन्य मांगों से संबंधित आवेदन लेकर लाए थे।

## साइबर ठगों की आई शामत, अब गृह मंत्रालय तैयार करेगा साइबर कमांडो

**नई दिल्ली/रायपुर | आरएनएस**

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को साइबर सुरक्षा से जुड़े हुए चार कार्यक्रमों का उद्घाटन करेंगे. इनमें से एक है 'साइबर कमांडो' प्रोग्राम गृह मंत्रालय एक साल से ज्यादा से इस कार्यक्रम पर काम कर रहा था. एनडीए सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद मंत्रालय ने इसे अपने 100-दिवसीय एजेंडा में भी शामिल किया था. अब मंत्रालय 100 दिन पूरे होने से पहले ही इसका उद्घाटन कर रहा है.

**क्या है नया साइबर कमांडो प्रोग्राम, कैसे हुई शुरुआत?**

गृह मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार 'साइबर कमांडो प्रोग्राम' के तहत देश में साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय पुलिस बलों में साइबर कमांडो स्पेशल विंग तैयार किए जाएंगे. डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने में पुलिस की मदद करना इन साइबर सैनिकों का काम होगा.

साइबर कमांडो कार्यक्रम का जिक्र सबसे पहले जनवरी 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से सुनने को मिला था. पीएम मोदी ने डीजीपी/आईजीपी की बैठक में कहा था कि इस तरह के एक यूनिट का गठन होना चाहिए. इसके बाद गृह मंत्रालय ने अक्तूबर 2023 में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 10 'साइबर कमांडो' चुनने के लिए कहा था. इसके अनुसार पहले बैच में देशभर से करीब 350 साइबर कमांडो ट्रेन किए जाएंगे.

**कैसे दी जाएगी ट्रेनिंग?**

गृह मंत्रालय ने प्रोग्राम के पहले बैच के लिए चुने गए 350 पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग देने के लिए अगस्त 2024 में आईआईटी और आईआईआईटी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए थे. इस प्रोग्राम के लिए पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में तो प्रशिक्षण दिया ही जाएगा.

साथ ही आईआईटी कानपुर, आईआईटी मद्रास, आईआईटी कोट्टायम, आईआईआईटी नया रायपुर, आरआरयू गांधीनगर और एनएफएसयू दिल्ली को भी साइबर सैनिकों के पहले बैच को ट्रेन करने के लिए कहा गया है.

**कैसे काम करेंगे साइबर कमांडो?**

इन प्रशिक्षण केंद्रों में कमांडो साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक्स की ट्रेनिंग हासिल करेंगे. इनके काम करने का तरीका भी साइबर पुलिस थानों में मौजूद पुलिसकर्मियों से अलग होगा. साइबर पुलिस कर्मी जहां पीड़ितों की शिकायत पर कार्रवाई करते हैं, वहीं ये कमांडो साइबर सुरक्षा के खतरों से निपटेंगे. साइबर कमांडो घटना के बाद प्रतिक्रिया देने के बजाय संभावित साइबर खतरों को खोजेंगे और उनका मुकाबला करेंगे.

लगातार सामने आने वाले नए डिजिटल खतरों और स्कैम्स पर नजर रखना उनका काम होगा. उनका लक्ष्य इनका विश्लेषण करके इन्हें बेअसर करना होगा. सनद रहे कि गृह मंत्रालय इन देश में तेजी से फैल रहे साइबर अपराध एपिडेमिक को रोकने के लिए ये कदम उठा रहा है. साल 2024 के शुरुआती चार महीनों में ही साइबर फ्रॉड करने वाले भारतीयों को 1750 करोड़ रुपए का चूना लगा चुके हैं।

## कई जिलों में भारी बारिश, स्कूलों को किया गया बंद

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। अलग-अलग जिलों में झमाझम बारिश हो रही है। बस्तर संभाग के सातों जिलों में जलभराव के चलते कई रास्ते कट गए हैं। नदी- नाले उफान पर हैं। मैदानी इलाकों में भी कुछ ऐसे ही हालात हैं। सुकमा सहित कई जिलों में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। वहीं मौसम विभाग ने मंगलवार को भी कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग की मानें तो एक लो प्रेशर का क्षेत्र बनने की वजह से आने वाले तीन दिनों तक प्रदेश में खासतौर पर मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा हो रही है। महासमुंद, राजनांदगांव, बस्तर, कोंडागांव और दंतेवाड़ा जिलों के अधिकांश स्थानों पर भारी से ज्यादा भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सूबे के सारंगढ़-बिलाईगढ़, जांजगीर, रायपुर, बलोदाबाजार, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और सुकमा जिलों में अधिकांश स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। सरगुजा, जशपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, रायगढ़, सक्ती, मुंगेली और कोरबा जिलों के अलग अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश देखी जा सकती है।

## बैराजों से छोड़ गया 1 लाख 88 हजार क्यूसेक से भी ज्यादा पानी, दुर्ग में बाढ़ का खतरा, मच सकती है तबाही

**दुर्ग | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में लगातार हो रही बारिश से शिवनाथ नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है, शाम तक हालात बिगड़ सकते हैं, बैराजों से लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा गया है शाम तक शिवनाथ नदी के आसपास के इलाकों में भयंकर बाढ़ आ सकती है,, जिला प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है।

**इन बैराजों से छोड़ा गया पानी**

मोंगरा बैराज से 1 लाख 13 हजार क्यूसेक,, सूखा नाला से 43 हजार क्यूसेक, घुमरिया से 12 हजार क्यूसेक, खाटूटोला से 20 हजार क्यूसेक, इस तरह लगभग 1 लाख 88 हजार क्यूसेक पानी अलग अलग बैराजों से छोड़ा गया है। महमरा एनीकट से 10 फीट ऊपर पानी बह रहा है जो कि देर रात तक लगातार बढ़ती हुई स्थिति में है ऐसे में स्थिति बहुत बिगड़ सकती है।

**30 से भी ज़्यादा गाँवों में करा दी गई मुनादी,,,,**

दुर्ग के साथ साथ आसपास के जिला मुख्यालयों को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है, शाम तक शिवनाथ नदी और उसके आसपास के इलाकों में सैलाब की स्थिति बन सकती है, एसडीआरएफ की टीम लगातार सर्च पर है,शिवनाथ नदी से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में रात में बाढ़ का कहर तांडव मचा सकता है,, शिवनाथ नदी से लगे खेत खलिहान दुकाने रेस्टोरेंट होटल आदि बाढ़ में डूब सकते हैं।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो की मौत

**कोरबा | आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। सोमवार को दोपहर बाद एकाएक मौसम बदला। तेज गर्जना के साथ करीब आधे घण्टे तक मूसलाधार बारिश हुई। इसी दरम्यान दो अलग-अलग घटनाओं में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना जिले की हरदी बाजार पुलिस थाना में महुआडीह गांव में हुई। 15 वर्षीय हरीश बिंझवार गांव के पास मैदान में मवेशी चराने गया हुआ था। तभी बारिश शुरू हो गई और तेज गर्जना के साथ बिजली चमकने लगी। आसमान से बिजली की एक रेखा तेजी से जमीन की ओर आई और उसकी चपेट में आकर हरीश बिंझवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। आसपास खेत में काम कर लोगों की नजर उस पर पड़ी तब मृतक के परिजनों घटना की सूचना दी गई और वे घटना स्थल पर पहुंचे।

दूसरी घटना रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई है। रायगढ़ जिले के छितकापानी का मूल निवासी जगतसिंह उरांव लंबे समय से घर से बाहर था। वह रजगामार के शनि मंदिर में पुजारी का काम कर रहा था।

जगतसिंह उरांव को घर से निकले 14 साल हो गए थे। वह सन्यासी बन गए थे। कुछ साल तक वह पहाड़ में तपस्या करते रहे। उसके बाद रजगामार के मंदिर में पूजा पाठ करने लगे थे। जगतसिंह उरांव उस वक्त मन्दिर परिसर में साफ सफाई कर रहे थे, जब आकाशीय बिजली गिरी और उसकी जद में आकर वह बुरी तरह झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू बी एस चौहान ने बताया की दोनों घटनाओं की सूचना पाकर पुलिस मौक़े पर पहुंची। पंचनामा के बाद दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिए गए हैं। पुलिस मर्ग कायम कर प्रकरण की जांच कर रही है।

## छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 15 सितंबर को जिले में आयोजित छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा की तैयारी के संबंध में बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में परीक्षा का आयोजन होना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन जिले के अधिकारी-कर्मचारी के द्वारा किया जाना है, जिसके उद्देश्य को पूरा करने में सभी अधिकारी-कर्मचारी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, जिस सेट का प्रश्नपत्र अभ्यर्थी को निर्धारित है, उसे वहीं सेट का प्रश्नपत्र वितरण हो, यह सुनिश्चित करना है। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थी का परीक्षा केन्द्र, रोलनंबर आदि की जांच परीक्षा केन्द्र के गेट पर स्पष्ट रूप से जांच करने के उपरांत ही परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी का प्रवेश दिया जाए। परीक्षा के पूर्व प्रश्न पत्र का सुरक्षित रखरखाव थाना और कोषालय में और गोपनीयता बरकरार रखना है।

व्यापमं नोडल अधिकारी डॉ. वर्षा बंसल ने बैठक में समन्वयक और परीक्षार्थियों को सूचित करते हुए कहा कि वे प्रवेश पत्र (अभ्यर्थी कॉपी व व्यापम कॉपी) एवं मूल पहचान पत्र (वोटर आईडी, ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, महाविद्यालय के फोटोयुक्त परिचय पत्र में से कोई एक) के साथ परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हों। परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 मिनट के पश्चात् परीक्षार्थियों को कक्ष में प्रवेश की अनुमति नही होगी। इस बैठक में व्यापमं नोडल अधिकारी, पर्यवेक्षक, उड़नदस्ता, परीक्षा केन्द्र स्कूल के प्राचार्य, ड्यूटी शिक्षक आदि शामिल हुए। यह परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15.09.2024 को दोपहर 12 से 02:15 बजे आयोजित होगा। जिले में 22 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें 6536 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगें। विकासखण्ड सारंगढ़ में 14, बरमकेला में 03 और बिलाईगढ़ 05 परीक्षा केन्द्र हैं। मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी ने परीक्षा के आयोजन के संपूर्ण प्रक्रिया और ड्यूटी के संबंध में प्रशिक्षण दिया।

## प्रतिनियुक्ति से लौटे आईएएस रजत कुमार को सचिव वाणिज्य-उद्योग विभाग की मिली जिम्मेदारी

**11 आईएएस अफसरों के प्रभारों में फेरबदल**

**रायपुर | आरएनएस**

राज्य में पदस्थ 11 आईएएस अफसरों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। वहीं केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने आईएएस अफसर रजत कुमार को सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव वाणिज्य एवं उद्योग रेल परियोजनाएं विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा दिया गया है।

सामान्य प्रशासन से जारी आदेशानुसार ऋचा शर्मा अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ ही साथ अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह अंकित आनंद सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को सचिव योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग एवं सचिव बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग एवं आवास एवं पर्यावरण विभाग के साथ अध्यक्ष छग पर्यावरण संरक्षण मंडल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बसवराजू एस, सचिव विमानन विभाग का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से पी. दयानंद सचिव मुख्यमंत्री, सचिव खनिज साधन विभाग, जनसंपर्क विभाग, अध्यक्ष छग स्टेट पावर कंपनी, सचिव वाणिज्य एवं उद्योग रेल परियोजनाएं

सचिव केवल विमानन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। श्रीम सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग राज्य ग्रामीण विकास अभिकरण को अस्थायी रूप से सचिव पंचायण एवं ग्रामीण विकास विभाग में पदस्थ किया गया है, उनके अतिरिक्त प्रभार यथावत रहेगा। राजेश सिंह राणा सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग राज्य कौशल विकास अधिकरण को अस्थयी रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं मुख्य कर्यपालन अधिकारी छग राज्य कौशल विकास अधिकरण का अतिरक्त प्रभार दिया गया है। भूरे सर्वेश्वर नरेन्द्र मिशन संचालक जल जीवन मिशन का कार्यपालन ग्रहण करने के दिनांक से सुनील कुमार जैन संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म तथा अतिरिक्त प्रभार विशेष सचिव खनिज विभाग, ऊर्जा विभाग, मिशन संचालक, जल जीवन मिशन, प्रबंधक संचालक छग राज्य खनिज विकास निगम केवल मिशन संचालक जल जीवन मिशन के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। जितेंद्र कुमार शुक्कला प्रबंध संचालक छग पर्यटन मंडल तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण को अस्थायी रूप से संचालक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के पद पर पदस्थ किया गया है। प्रभात मलिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी चिप्स तथा अतिरिक्त प्रभार संयुक्त सचिव सुशासन एवं अभिसरण विभाग, संयुक्त सचिव इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को संचालक उद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विवेक आचार्य संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग को प्रबंधक संचालक छग पर्यटन मंडल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विश्वेश कुमार मुख्य वन संरक्षक को वन विभाग के प्रतिनियुक्ति से वापस लेकर प्रबंधक संचालक छग राज्य औद्योगिकी विकास निगम के पद पर पदस्थ किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU